दिन–सोमवार दिनांक– 18 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश से एनडीए के चुनाव अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मुम्बई में जनसभा को किया संबोधित।

02. देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रदर्शित करने वाला स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है।

03. खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर और कार की टक्कर में सात लोगों की मौत। चार घायल।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की संभावना।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद चुनावी प्रक्रिया शुरु हो गई है और राजनीतिक दलों ने रैलियों का आयोजन शुरु कर दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के पालनाडू में एनडीए की पहली चुनावी रैली की। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय विकास को लेकर आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के प्रयास से आज पच्चीस करोड़ लोग गरीबी से बाहर हुए हैं।

———बाईट———

गरीब की सेवा करने वाली सरकार है, गरीब की चिंता करने वाली सरकार है। हमारी सरकार के 10 साल में 25 करोड लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। पूरी दुनिया में एनडीए सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है।

————————————————————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गाँधी ने कहा है कि आज का संघर्ष भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच ही नहीं बल्कि दो विचारधाराओं के बीच है। श्री गांधी दक्षिण मुंबई में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के विकेंद्रीकरण पर जोर दे रही है वहीं सत्तारूढ़ दल की विचारधारा है कि देश का शासन केंद्र से चलना चाहिए।

———बाईट———

यह हिंदुस्तान के दो एक्सप्रेशन के बीच में लड़ाई है। यह बीजेपी, कांग्रेस के बीच में लड़ाई नहीं। हिंदुस्तान बीच से चलाया जाएगा, ऊपर से चलाया जाएगा और एक दूसरा तरीका है कि हिंदुस्तान को डिसेंट्रलाइज्ड तरीके से हिंदुस्तान के सब लोगों को सुनकर चलाया जाए।

————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि वॉल पेन्टिंग, पोस्टर, पर्चे और इस तरह की सभी सामग्री को चौबीस घंटे के भीतर हटा लिया जाए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों जैसे सार्वजनिक स्थलों और निजी सम्पत्ति पर प्रदर्शित राजनीतिक विज्ञापनों वाले सभी अनधिकृत पोस्टर, होर्डिंग और बैनर को बहत्तर घंटे के भीतर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि किसी भी राजनीतिक दल और उम्मीदवार की ओर से चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से पाबंदी होगी। इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले विज्ञापनों की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी इस तरह के विज्ञापनों पर रोक के लिए त्वरित कार्रवाई करेंगे। मतदाता जागरूकता के लिए रेडियो, टीवी, सिनेमा और सरकारी चैनल के माध्यम से कार्यक्रम प्रसारित किए जा सकेंगे।

————————————————————————

इधर, राज्य में सभी जिला प्रशासन आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। आचार संहिता के अनुपालन के लिए धारा एक सौ चौवालीस और एक सौ चौवालीस– ए लागू कर दी गई है। जिला मुख्यालयों से हमारे संवाददाताओं ने खबर दी है कि विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गये बैनर, होर्डिंग और पोस्टर को हटाने का काम जारी है।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दौरान आम मतदाता किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना निर्वाचन आयोग के मोबाईल ऐप सी–विजिल के माध्यम से दे सकते हैं। आयोग के अनुसार शिकायतों पर एक सौ मिनट के अन्दर कार्रवाई की जायेगी। इधर, चुनाव खर्च की निगरानी के लिए जिलों में इन्फोर्समेंट एजेंसियों को चौबीस घंटे सक्रिय रहने के निर्देश दिये गये हैं। बीस एजेंसियों के माध्यम से पैसों के लेनदेन पर नजर रखी जायेगी। वहीं, सभी जिलों में शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न कोषांगों को सक्रिय कर दिया गया है।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत एक मार्च से सोलह मार्च के बीच पच्चीस करोड़ पचहत्तर लाख रूपये से अधिक मूल्य की शराब जब्त की गयी है। इसके अलावा लगभग चौदह करोड़ सैंतीस लाख रूपये मूल्य के मादक पदार्थ भी जब्त किये गये हैं। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी

के अनुसार इस अवधि में ग्यारह करोड़ पैंसठ लाख रूपये से अधिक का सोना और चांदी भी बरामद किया गया है।

———————————————————————

देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रदर्शित करने वाला स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक पेट्रोल पम्प के पास ट्रैक्टर और कार के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में चार लोगों के घायल होने की भी सूचना है। पुलिस ने बताया कि कार सवार सभी लोग एक बारात से वापस लौट रहे थे। सभी घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी–यूजी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पन्द्रह मई से इकतीस मई के बीच आयोजित करायेगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

———————————————————————

भारतीय सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली बी. शरण पत्र सूचना कार्यालय की नई प्रधान महानिदेशक होंगी। उन्नीस सौ नब्बे बैच की अधिकारी श्रीमती शरण इससे पहले निर्वाचन आयोग और वित्त मंत्रालय में सेवाएं दे चुकी हैं। वहीं, वरिष्ठ सूचना सेवा अधिकारी मौसुमी चक्रवर्ती आकाशवाणी–समाचार की नई महानिदेशक होंगी। वे उन्नीस सौ इक्यानवे बैच की अधिकारी हैं, तथा अप्रैल में वर्तमान महानिदेशक वसुधा गुप्ता का स्थान लेंगी।

———————————————————————

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम की प्रोजेक्ट इम्पलीमेंट यूनिट, मुजफ्फरपुर के तत्कालीन उप महाप्रबंधक शिवानंद को पटना से गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। शिवानंद पर एक करोड़ छियासठ लाख रूपये गबन का आरोप है। इस मामले में उस पर पिछले वर्ष तेईस सितम्बर को केस दर्ज किया गया था।

———————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया, पीएफआई के फुलवारीशरीफ आतंकी माड्यूल मामले में रेयाज मारूफ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। वह पीएफआई बिहार का उपाध्यक्ष था। इस मामले में रेयाज सत्रहवां आरोपी है, जिसके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधि समेत अन्य आपराधिक मामलों में शामिल होने का आरोप है।

————————————————————————

प्रदेश में कल से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि कल से इक्कीस मार्च तक राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना है। वहीं, उत्तर बिहार में भी कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान जताया गया है।

———बाईट———

————————————————————————

पटना में आयोजित तैंतीसवीं सब–जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने प्री–क्वार्टर फाईनल में अपनी जगह बना ली है। बिहार ने ओडिशा को अड़तालीस–दस से हराकर अंतिम सोलह में अपनी जगह पक्की की।

दादर–नागर हवेली में खेली जा रही बावनवीं सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंड बॉल प्रतियोगिता में बिहार ने आंध्रप्रदेश को इक्कीस–छह से पराजित कर दिया है। बिहार का दूसरा मैच आज उत्तराखंड से होगा।

————————————————————————

अरवल जिले में राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या एक सौ उनतालीस पर कलेर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक से पांच सौ तिरासी कार्टन विदेशी शराब बरामद करने के साथ चालक को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत केमदार चक मानिकपुर विखरा में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर पांच हजार लीटर से अधिक अर्द्धनिर्मित शराब को नष्ट कर दिया है।

————————————————————————

पटना के चिरैयाटांड पुल के पास मद्य निषेद्य विभाग की ओर से चलाये गये अभियान में एक चार पहिया वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद गई की है। मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने कुचायकोट थाना क्षेत्र अन्तर्गत बलथरी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से करोड़ों रूपये मूल्य का स्प्रिट बरामद करने के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मिशन दो हजार चौबीस के लिए महारैलियों से सियासी समर का आगाज। अखबार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखता है– जनता कह रही, चार जून को हम चार सौ पार होंगे। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान को भी अखबार ने भी पहले पन्ने पर स्थान देते हुये लिखा है– चार सौ सीटों के पीछे भाजपा का मकसद संविधान बदलना।

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– तलवार की धार पर एनडीए के कई सांसद। रोहिणी छपरा से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव।

प्रभात खबर लिखता है– चुनावी बांड को लेकर निर्वाचन आयोग ने अपनी वेबसाईट पर जारी किया नया डेटा, भाजपा को छह हजार नौ सौ छियासी और टीएमसी को एक हजार तीन सौ संतानवे करोड़ रूपये का मिला चंदा।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– भारतवंशी डॉक्टर ने आंत कैंसर का टीका इजाद किया।

राष्ट्रीय सहारा लिखता है– तमाम कोशिशों के बावजूद तैंतीस प्रतिशत वोटर नहीं निकलते घरों से।

आज अखबार की प्रमुख खबर है– सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में फिर दायर हुई याचिका।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश से एनडीए के चुनाव अभियान की शुरूआत की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मुम्बई में जनसभा को किया संबोधित।

02. देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को प्रदर्शित करने वाला स्टार्टअप महाकुंभ आज से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है।

03. खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर और कार की टक्कर में सात लोगों की मौत। चार घायल।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से कल से राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्से में कई स्थानों पर बारिश और वज्रपात की संभावना।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।